**दिनांक 08.04.2026 को कमलेश कुमार सिंह, भा0प्र0से0, निदेशक, भू–अर्जन निदेशालय –सह– निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की अध्यक्षता में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त संचालित प्रथम एवं द्वितीय चरण के सभी जिलों के बन्दोबस्त कार्यालयों से उनके जिले में उपलब्ध विशेष सर्वेक्षण कर्मियों एवं ETS मशीन की उपलब्धता के संबंध में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :–**

**उपस्थिति :– यथा संधारित।**

**कार्यवाही :–**

राज्य में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त संचालित सभी जिलों का विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से उनके जिले में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक–513(3)/रा0 दिनांक 06.03.2026 के आलोक में राजस्व महाअभियान, एग्रीस्टैक, ई–मापी आदि अन्य कार्यो में प्रतिनियुक्त विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के दिनांक 01.04.2026 के विरमन के फलस्वरूप संबंधित बन्दोबस्त कार्यालयों में उक्त विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के योगदान एवं संबंधित जिले में हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा उपलब्ध कराये गए ई0टी0एस0 मशीन की समीक्षा दिनांक 08.04.2026 को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गयी। उक्त समीक्षात्मक बैठक में निदेशालय में पदस्थापित सभी नोडल पदाधिकारियों के साथ–साथ विशेष सर्वेक्षण कार्य में संलग्न एजेंसियों के प्रतिनिधि आदि भी उपस्थित थे।

**(क)** सर्वप्रथम अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों से उनके जिले में विभागीय निदेशानूसार पूर्व से राजस्व महाअभियान, एग्रीस्टैक, ई–मापी आदि अन्य कार्यो में प्रतिनियुक्त विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के संबंधित जिलों से विरमन के फलस्वरूप संबंधित बन्दोबस्त कार्यालयों में दिये गए योगदान की समीक्षा के क्रम में अररिया एवं लखीसराय जिलों को छोड़कर शेष सभी जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों ने प्रतिवेदित किया कि उनके जिले के समस्त विशेष सर्वेक्षण कर्मियों द्वारा कार्यालय में योगदान दे दिया गया है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी, अररिया द्वारा बताया गया कि उनके जिले में 80 विशेष सर्वेक्षण कर्मियों को संबंधित जिला प्रशासन द्वारा अन्यत्र कार्यों में प्रतिनियुक्ति की गयी है तथा बन्दोबस्त पदाधिकारी, लखीसराय द्वारा बताया गया कि उनके जिले से 03 विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं 07 विशेष सर्वेक्षण कानूगो को जिला प्रशासन द्वारा दिनांक 31.03.2026 से दिनांक 14.04.2026 तक खेल महोत्सव (फुटबॉल) में प्रतिनियुक्ति की गयी है।

उक्त के संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा विभागीय निदेशानुसार विशेष सर्वेक्षण कर्मियों को अन्य कार्यो में यथासंभव प्रतिनियुक्ति नहीं करने संबंधित पत्र उपस्थापित करने का निदेश विशेष सर्वेक्षण कोषांग को दिया गया।

**(ख)** उपरोक्त से स्पष्ट है कि अररिया एवं लखीसराय जिले को छोड़कर सभी जिलों में पदस्थापित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों द्वारा जिले में योगदान कर लिया गया है। राज्य में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम की महत्ता के दृष्टिगत सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों को अपने अधीनस्थ विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के साथ नियमित बैठक आयोजित कर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा करने का निदेश दिया गया। निदेशालय में पदस्थापित सभी नोडल पदाधिकारी नियमित रूप से उक्त आयोजित होने वाले बैठक से संबंधित प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थापित करना सुनिश्चित करेंगे।

**(ग)** अधोहस्ताक्षरी द्वारा जिले से संबंधित हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा उनके जिले में अबतक उपलब्ध कराये गए ई0टी0एस0 मशीन की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में निम्नांकित जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा उनके जिले के सामने अंकित संख्या अनुरूप अतिरिक्त ई0टी0एस0 मशीन की मांग की गयी।

| क्र0सं0 | जिला का नाम | सम्बद्ध हवाई सर्वेक्षण एजेंसी का नाम | प्राप्त ई0टी0एस0 मशीन | मांगे गये अतिरिक्त ई0टी0एस0 मशीन की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कटिहार | आई0आई0सी0 | 03 | 07 |
| 2 | किशनगंज | आई0आई0सी0 | 01 | 01 |
| 3 | मुंगेर | अरहास | 03 (01 कार्यरत नहीं) | 01 |
| 4 | नालंदा | अरहास | 05 | 01 |
| 5 | पूर्णियाँ | आई0आई0सी0 | 03 | 04 |
| 6 | सहरसा | जी0आई0एस0सी0 | 02 | 04 |
| 7 | सुपौल | जी0आई0एस0सी0 | 02 | 04 |
| 8 | प0 चम्पारण | जी0आई0एस0सी0 | 04 | 01 |
| 9 | औरंगाबाद | आई0आई0सी0 | 05 | 02 |
| 10 | भागलपुर | अरहास | 05 | 02 |
| 11 | भोजपुर | अरहास | 05 | 09 |
| 12 | बक्सर | अरहास | 07 | 04 |
| 13 | दरभंगा | अरहास | 09 | 05 |
| 14 | मोतिहारी | आई0आई0सी0 | 03 | 07 |
| 15 | गयाजी | आई0आई0सी0 | 03 | 12 |
| 16 | गोपालगंज | अरहास | 08 | 04 |
| 17 | कैमूर | अरहास | 05 | 04 |
| 18 | मधुबनी | अरहास | 08 | 05 |
| 19 | मुजफ्फरपुर | आई0आई0सी0 | 03 | 12 |
| 20 | नवादा | अरहास | 08 (01 कार्यरत नहीं) | 06 |
| 21 | पटना | अरहास | 09 | 01 |
| 22 | रोहतास | अरहास | 07 | 05 |
| 23 | समस्तीपुर | अरहास | 02 | 10 |
| 24 | सारण | अरहास | 05 डी0जी0पी0एस0 + 02 ई0टी0एस0 | 05 |
| 25 | सिवान | अरहास | 08 | 02 |
| 26 | वैशाली | आई0आई0सी0 | 02 | 18 |

अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी संबंधित हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के प्रतिनिधियों को प्रत्येक दशा में संबंधित जिला के मांग के अनुरूप ई0टी0एस0 मशीन दिनांक 10.04.2026 तक कम से कम 1–2 तथा शेष ई0टी0एस0 मशीन दिनांक 13.04.2026 तक उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। उक्त कार्यो का अनुश्रवण निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी द्वारा नियमित रूप से किया जायेगा।

**(घ)** समीक्षा के क्रम में विभिन्न जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बिहार विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम के विभिन्न प्रक्रमों से संबंधित मानचित्रों को ससमय संबंधित हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा जिलों को उपलब्ध नहीं कराये जाने की शिकायत प्राप्त हुई। उक्त के संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी जिलों से विशेष सर्वेक्षण के विभिन्न प्रक्रमों का संबंधित हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के पास लम्बित मानचित्र से संबंधित समेकित प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थापित करने का निदेश विशेष सर्वेक्षण कोषांग को दिया गया। साथ ही इस संबंध में दिनांक 10.04.2026 को पुनः सभी जिले एवं संबंधित हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

अन्त में बैठक की कार्यवाही सधन्यवाद समाप्त की गयी।

9/4/26

**(कमलेश कुमार सिंह)**
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना।

**ज्ञापांक :– 16 /गो0** **पटना, दिनांक 09/04/2026**

**प्रतिलिपिः–** सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार/ प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त/सहायक बन्दोबस्त पदा0 (मु0)/हवाई सर्वेक्षण कार्य में संलग्न सभी एजेंसी के प्रतिनिधि को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

9/4/26

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना।

**ज्ञापांक :– 16 /गो0** **पटना, दिनांक :- 09/04/2026**

**प्रतिलिपिः–** विशेष कार्य पदाधिकारी/उप सचिव एवं अन्य संबंधित पदा0/कर्मी भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

9/4/26

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना।

**ज्ञापांक :– 16 /गो0** **पटना, दिनांक :- 09/04/2026**

**प्रतिलिपिः–** सभी समाहर्त्ता, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

9/4/26

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– ....16........ / गो0 पटना, दिनांक :- 09/04/2026

**प्रतिलिपिः**– प्रधान सचिव / सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

9/4/26

**निदेशक,**

भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना।